
Post. Regd. No. U.P.BJN-66/2023

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र नगीना से प्रकाशित

# गुड मॉर्निंग नगीना

http://gmnewsdaily.com R.N.I-UPHIN/2013/49182

वर्ष : 12 अंक :18 नगीना, बुधवार 30 अप्रैल 2025 मूल्य : 4.00



## Muzaffarnagar News : बिजली चोरी करने वालों पर ऊर्जा निगम के छापे, 32 पर एफआईआर




संवाददाता। मुजफ्फरनगर। तापमान बढ़ने के साथ ही ट्रांसफार्मर पर लोड भी बढ़ना शुरू हो गया है। लाइन लॉस कम करने के लिए ऊर्जा निगम छापे की कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में निगम की ओर से अलग–अलग बिजली घर क्षेत्रों में छापे मारे गए। निगम अधिकारियों ने छापेमारी करते हुए 32 लोगों पर बिजली चोरी कआरोप में मुकदमा दर्ज कराया। चोरी के मामले पकड़े जाने पर 12 लाख से अधिक का जुर्माना लगाया गया है। गर्मी ने प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दिया है। लू के थपेड़े लोगों को परेशान कर रहे हैं। तापमान बढ़ने के कारण दिन और रात को बिजली का उपभोग भी बढ़ गया है। ऐसे में बिजली चोरी बढ़ने सेलाइन लॉस बढ़ रहा है। ऊर्जा निगम अधिकारियाने बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए जनपद भर में छापे की योजना बनाई है।निगम अधिकारियों के निर्देशन में छापेमारी कर कार्रवाई की जा रही है। बिजली चोरी पकड़ने के लिए गठित की गई 18 टीमें ऊर्जा निगम की ओर से लाइन लॉस कम कर राजस्व बढ़ाने के निर्देश अधिकारियों को दिये गए हैं। बिजली चोरी रोकने के लिए जनपद के अलग–अलग बिजली घर क्षेत्र में 18 टीमों का गठन किया गया है। प्रत्येक टीम में एसडीओ, अवर अभियंता और लाइनमैन सहित 10 कर्मचारियों को शामिल किया गया है।

### बिजली चोरों पर लगाया 12 लाख रुपये जुर्माना

मुख्य अभियंता पवन कुमार अग्रवाल ने बताया कि जनपद भर में बिजली चोरी के विरुद्ध अभियान चल रहा है। बताया कि अलग–अलग क्षेत्रों में छापेमार कार्रवाई की गई है। बताया कि मीरापुर में छापे के दौरान आठ घरो में बिजली चोरी पाई गई, जबकि सिखेड़ा में छह, चरथावल में 12 और सुजड़ू में छह घरों में कटिया डालकर अवैध रूप से बिजली चोरी होते पाई गई। बताया कि बिजली चोरी के सभी मामलों में एफआईआर कराई जा रही है। बताया कि बिजली चोरों पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

## Bijnor News : गंगा में डूबे कृष्णा का दस किलोमीटर दूर मिला शव

संवाददाता। बेगावाला बिजनौर। सात दिन पहले नहाते समय गंगा में डूबे कृष्णा (28) का शव मौके से करीब दस किलोमीटर दूर मिला है। गंगा की रेत में पलेज (खरबूजे, तरबूज आदि की खेती) लगाने वाले लोगों ने शव को देखकर सूचना दी। मंगलवार की सुबह गंगा बैराज से 10 किलोमीटर दूर ग्राम जलालाबाद गांव के सामने पलेज लगाने वाले लोगों को पानी में शव दिखाई दिया। उन्होंने गांव में आकर सूचना दी। कृष्णा के परिजन व अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मृतक की शिनाख्त की। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। शव को देख परिजनों का रो–रोकर बहुत बुरा हाल है। कृष्णा अपने पीछे दो बेटियों, पत्नी और माता–पिता को रोता छोड़ गया।

## Bijnor News : एसडीएम की कार्य प्रणाली को लेकर एडीएम से मिले अधिवक्ता

संवाददाता। बिजनौर नजीबाबाद।बार एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम की कार्य प्रणाली को लेकर एडीएम को डीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने न्यायिक प्रक्रिया निष्पक्ष न होने का आरोप लगाया। बार कारण एसोसिएशन के अध्यक्ष सर्वेश कुमार गहलौत, महासचिव कार्मेंद्र चौधरी के नेतृत्व में बार एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को एडीएम वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार से मुलाकात की। अधिवक्ताओं ने एसडीएम की न्यायिक कार्यशैली ठीक न होना असामान्य व्यवहार करने,कन्यायिक प्रक्रिया बाधित होने का आरोप लगाया। अधिवक्ताओं ने धारा 80 और राजस्व संहिता 2006 के आदेश पारित करने की एसडीएम कार्यालय की कार्य प्रणाली पर आपत्ति जताई।बार एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक तोमर, नौबाहर सिंह, शहीर परवाज, सुभाष चंद्र, मोहम्मद फैसल शामिल रहे। एसडीएम विजय शंकर ने कहा कि दो अधिवक्ताओं के बीच जमीन संबंधी विवाद चल रहा है, उसमें और कुछ अधिवक्ता निजी स्वार्थ के कार्यों को लेकर भ्रामक आरोप लगा रहे हैं।



संम्पादक
डा० शशीकान्त सिहँ बौध
गुड मार्निंग नगीना
हिन्दी साप्ताहिक
मो० 08923127999



# संपादकीय

## बदला लेंगे; लेकिन कैसे

पहलगाम आतंकी हमले के सदमे से देश अभी तक उबर नहीं पाया है। इस प्रचार के कारण कि हमने कश्मीर से आतंकवाद खत्म कर दिया है, पूरे देश से पच्चीस लाख पर्यटक कश्मीर पहुंचे और यह हमला हुआ। जनता में आक्रोश है कि कश्मीर में बहाए गए खून और आंसू की हर बूंद का बदला लिया जाये और पाकिस्तान को सबक सिखाया जाए। प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह यह आभास दे रहे हैं कि पहलगाम घटना का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। पहलगाम हमले से सरकार के दावों का बुलबुला फूटने के चलते वे कहने लगे हैं कि इस मुद्दे का राजनीतिकरण न करें। यदि इस मंडली ने पिछले दस वर्षों में किसी दुखद घटना का राजनीतिकरण न करने की नीति का पालन किया होता तो आज ऐसी दलीलें देने की नौबत नहीं आती। पहलगाम हमला अमानवीय है, घृणित है और इसका बदला लिया जाना चाहिए, लेकिन बदला लेने का मतलब क्या है? देश को असली खतरा उन सभी लोगों से है जो सोचते हैं कि चुनाव में भाजपा को वोट दें, मोदी को प्रधानमंत्री बनाएं और ऐसा करके ही 'बदला' पूरा होगा और पाकिस्तानी बिलों में छिप जाएंगे।बदला पाकिस्तान और आतंकवादियों से लेना है। क्या पहलगाम का बदला देश के मुसलमानों को चुनौती देकर और उनकी मस्जिदों और मदरसों पर हमला करके पूरा होगा? कुछ लोगों में ऐसा करने की तीव्र भावना होती है। लड़ाई पाकिस्तान के खिलाफ है, राष्ट्रवादी मुसलमानों के खिलाफ नहीं जो भारतीय नागरिक हैं। उरी और पुलवामा आतंकी हमले के बाद 'हम बदला लेंगे, सबक सिखाएंगे' जैसे भाषण हुए थे। संसद और सार्वजनिक सभाओं में हुंकार भरी गई। उरी का बदला लेने के लिए पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर पर 'सर्जिकल स्ट्राइक' की गई। तब कहा गया था कि पाकिस्तान और आतंकवादियों की कमर टूट गई है और पाकिस्तानियों को सबक सिखा दिया गया, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

## Bijnor News: मुख्यमंत्री से चीनी मिल विस्तारीकरण की मांग की



**संवाददाता।** नजीबाबाद। जनप्रतिनिधियों ने किसान सहकारी चीनी मिल के विस्तारीकरण का मुद्दा मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया। मुख्यमंत्री को चीनी मिल के आसवनी प्लांट बंद होने की भी जानकारी दी गई।किसान सहकारी चीनी मिल प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह, विधायक अशोक राणा, जिला पंचायत अध्यक्ष साकेत प्रताप सिंह, फेडरेशन डायरेक्टर लोकेंद्र सिंह, चीनी मिल के डायरेक्टर अजीत सिंह और डेलीगेट हरेंद्र राजपूत ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को 27 अक्तूबर 2017 को नजीबाबाद चीनी मिल आगमन के दौरान उनके द्वारा चीनी मिल विस्तारीकरण और 27 मेगावाट विद्युत उत्पादन परियोजना शुरू कराने की घोषणा की याद दिलाई।प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से कहा कि चीनी मिल का विस्तारीकरण न होने से क्षेत्र के किसानों को अपना गन्ना इधर–उधर बेचने को विवश होना पड़ता है। उन्होंने चीनी मिल की पेराई क्षमता 5000 टीसीटी शीघ्र करने की मांग की। जनप्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री को किसान सहकारी चीनी मिल का आसवनी प्लांट करीब दो वर्षों से बंद होने की जानकारी देकर प्लांट को फिर से शुरू करने की मांग की। जन–प्रतिनिधियों ने जनपद के अन्य विकास मुद्दों पर भी मुख्यमंत्री से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को दोनों समस्याओं के प्रति जनहित में जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## Bijnor News: शव सड़क पर रखकर लगाया जाम



**संवाददाता।** जलालाबाद। गांव बौरेकी में नाबालिग की मौत के मामले में ग्रामीणों ने सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद आए शव को जलालाबाद–बौरेकी मार्ग पर रखकर प्रदर्शन कर जाम लगाया। ग्रामीणों ने हत्या का आरोप लगाते हुए मामले में पुलिस पर कोई कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। सीओ के समझाने पर ग्रामीण माने और जाम खोला। इस दौरान लोगों को भीषण गर्मी में परेशानी हुई।गांव बौरेकी निवासी दिलशाद का 15 वर्षीय पुत्र फैसल रविवार की रात घर से बाहर गया था। करीब साढ़े आठ बजे वह घर के निकट मृत मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेजा था। परिजनों का आरोप था कि गांव के ही एक किशोर से फैसल का झगड़ा हुआ था। परिजनों और ग्रामीणों ने पोस्टमार्टम के बाद पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं करने पर सोमवार दोपहर बाद शव आने पर जलालाबाद–बौरकी मार्ग पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। सूचना पर पुलिस टीम के साथ पहुंचे सीओ नितेश प्रताप सिंह ने ग्रामीणों को शांत किया और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया। उधर, परिजनों ने पुलिस को मामले में तहरीर सौंपी हैं। लगभग दो घंटों के जाम में मार्ग से गुजरने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## Bijnor News: एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में थे कई युवक

संवाददाता। स्योहारा। एचआईवी संक्रमित अधेड़ के संपर्क में गांव के दर्जन भर से अधिक युवक थे। खुद उसकी पत्नी ने भी इस बात से इंकार नहीं किया हैं। एचआईवी संक्रमित गांव से फरार है। बताया जा रहा है कि अन्य युवकों ने भी जांच हो तो संक्रमितों की संख्या में इजाफा हो सकता है।क्षेत्र के एक गांव में 55 वर्षीय व्यक्ति को लगभग आठ माह पूर्व एचआईवी संक्रमित होने का पता चला था। इसके बाद पूरे गांव को पता लग गया था। उसके बाद भी संक्रमित व्यक्ति ने गांव के दर्जनों युवकों से संबंध बनाए। दस अप्रैल को गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपने 15 वर्षीय पुत्र को उसके साथ देखा तो उसने अपने पुत्र से सख्ती से पूछताछ की। पुत्र ने अधेड़ से संपर्क होना स्वीकारा। जिसके बाद किशोर के पिता ने अपने पुत्र की जांच कराई तो उसके पुत्र को एचआईवी संक्रमण होना पाया गया।घटना की जानकारी जब ग्रामीणों को हुई तो गांव में दहशत फैल गई। पुलिस किशोर के पिता की तहरीर पर आरोपी व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर चुकी है। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के एक दर्जन से अधिक युवकों से संपर्क था। मामले का खुलासा होने के बाद अब गांव में एचआईवी संक्रमण की दस्तक होने की आशंका से दहशत का माहौल बना हुआ है।

## Bijnor News: गन्ना विभाग की 250 सड़कों की सुधरेगी हालत, मिल गई मंजूरी



संवाददाता। बिजनौर। कभी गन्ना विभाग के अधीन रहीं सड़कों की हालत बदहाल है। मगर अब इनकी सूरत बदलने जा रही है। दरअसल हाल ही में शासन ने 250 सड़कों की मरम्मत के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। जल्द ही निविदा प्रक्रिया पूरी करते हुए निर्माण चालू कर दिया जाएगा। पिछले दो तीन सालों से गन्ना विभाग ने सड़कों के रखरखाव को लेकर हाथ खड़े कर दिए थे। इसके बाद इन सड़कों को लोक निर्माण विभाग के हवाले कर दिया गया। लोनिवि के प्रांतीय खंड ने पहले चरण में 80 सड़कों को अपनी सुपुर्दगी में लेते हुए निर्माण कराया। दूसरे चरण में 51 सड़कों की मरम्मत का बीड़ा उठाया गया। इसके बाद तीसरे चरण में लोनिवि के प्रांतीय खंड ने 139 सड़कों की मरम्मत के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा था। जिन्हें मंजूरी मिल चुकी है। इसके साथ साथ ही लोक निर्माण विभाग के नजीबाबाद खंड की ओर से भी तीसरे चरण में 111 सड़कों के प्रस्ताव भेजे गए थे। इन्हें भी मंजूरी मिल चुकी है। ऐसे में दोनों खंडों की ओर से 250 सड़कों के निर्माण प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। जिन पर करीब 90 करोड़ रुपये की लागत आएगी। बता दें कि ये सड़क कभी गन्ना विभाग की हुआ करती थीं, मगर बजट नहीं होने का हवाला देते हुए गन्ना विभाग ने सड़कों की मरम्मत से हाथ खड़े कर दिए थे। अब लोनिवि को सड़क मिलने के बाद इनकी मरम्मत कराई जाएगी।

## Bijnor News: आंगनबाड़ी केंद्रों पर भर्ती करने वाली एजेंसी का रद्द होगा टेंडर

संवाददाता। बिजनौर। जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को पढ़ाने के लिए एजुकेटर रखे जाने हैं। इसके लिए चयनित फार्म को बागपत में काली सूची में डालने की संस्तुति एवं एफआईआर दर्ज कराई गई थी। अमर उजाला ने खबर को प्रमुख से उठाया। जांच के उपरांत सीडीओ पूर्ण बोरा ने टेंडर निरस्त की संस्तुति की है। अब बेसिक विभाग निरस्त की फाइल प्रक्रिया में जुटा है।बेसिक शिक्षा विभाग में सेवा प्रदाता कंपनी के जरिये आंगनबाड़ी केंद्रों पर तीन से छह वर्ष के बच्चों को पढ़ाने के लिए एजुकेटर रखे जाने हैं। सेवा प्रदाता कंपनी के चयन के लिए जैम पोर्टल पर निविदाएं आमंत्रित की गईं थीं। निविदा खोलने के बाद इसमें मुरादाबाद की फर्म एसकेटी सिक्योरिटी ग्रुप को एल–वन किया गया। बिजनौर निवासी मोहित कुमार ने इस मामले में एसकेटी सिक्योरिटी ग्रुप के खिलाफ डीएम से शिकायत की थी।आरोप लगाया था कि एसकेटी फर्म ने कूट रचित अभिलेखों के जरिए बागपत में बाल संरक्षण विभाग में टेंडर हासिल किया था। कागजों की जांच में निदेशकों के चरित्र प्रमाण पत्र कूट रचित पाए गए। जिसके बाद दोनों निदेशकों के खिलाफ संरक्षण अधिकारी ने कोतवाली बागपत में 17 सितंबर 2024 को एफआईआर दर्ज कराई थी। साथ ही टेंडर को निरस्त कर दिया था। उन्होंने डीएम से शिकायत में जांच कराकर निविदा को निरस्त करते हुए फर्म को काली सूची में डालने की मांग उठाई गई है। प्रशासन ने जांच के लिए बागपत व मुख्यालय को पत्र लिखा था। मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा ने बताया कि एजुकेटर नियुक्ति करने वाले टेंडर को निरस्त करने की संस्तुति कर दी गई है। निष्पक्ष रूप से दोबारा टेंडर की प्रक्रिया की जाएगी। सूची में डालने की थी संस्तुति, हट गए प्रोबेशन अधिकारी डीएम को दी शिकायत पत्र में मोहित कुमार ने आरोप लगाया था कि सात अक्तूबर 2024 को बागपत के जिला प्रोबेशन अधिकारी की ओर से शासन को पत्र लिखकर फर्म को काली सूची में डालने की संस्तुति की गई थी। शिकायत कर्ता का कहना था कि इस फर्म को टेंडर जारी करने में बागपत के जिला प्रोबेशन अधिकारी को भी हटा दिया गया था। एजेंसी का टेंडर निरस्त की संस्तुति मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को पढ़ाने के लिए एजुकेटर के चयन को मुरादाबाद की फर्म एसकेटी सिक्योरिटी ग्रुप को एल–वन किया गया था। शिकायत पर जांच के उपरांत इस एजेंसी के टेंडर को निरस्त करने की संस्तुति कर दी और बेसिक शिक्षा विभाग को अग्रिम कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## Bijnor News: गैस लीक होने से लगी आग में नानी–धेवती झुलसी



संवाददाता। अफजलगढ़ रेहड़। खाना बनाते समय गैस सिलिंडर का पाइप लीक होने से आग लग गई। खाना बना रही महिला व उसकी धेवती बुरी तरह झुलस गईं। अग्निशमन की गाड़ी व मोहल्लेवासियों ने आग पर काबू पाया। झुलसी हुई नानी–धेवती को सीएचसी में भर्ती कराया गया।रेहड़ निवासी राजकौर (60) पत्नी त्रिलोक सिंह रसोई में गैस चूल्हे पर खाना बना रहीं थीं। उनकी धेवती जसप्रीत भी नानी के पास खेल रही थी। राजकौर की पुत्री संदीप के अनुसार अचानक गैस का पाइप लीक होने से सिलिंडर में आग लग गई। आग में खाना बना रहीं राजकौर व जसप्रीत बुरी तरह से झुलस गई। दोनों को सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया गया। वहां से हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। चिकित्सक ने बताया कि महिला के दोनों हाथ व दोनों पैर झुलस गए हैं। महिला करीब 35 प्रतिशत व बच्ची करीब 20 प्रतिशत झुलसी है। अग्निशमन कर्मी अभिषेक पटेल, राहुल सैनी, शमशाद अहमद व शुभम चौधरी ने आग पर काबू पाया।

# Bijnor News: होम्योपैथिक चिकित्सकों को हर पांच साल में कराना होगा पंजीकरण


**संवाददाता।** बिजनौर। होम्योपैथिक चिकित्सकों को अब हर पांच साल में अपने पंजीकरण का नवीनीकरण कराना होगा। होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड के आदेश पर यह नियम लागू किया गया है। पालन न करने वालो पर कार्रवाई की जाएगी।जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ आरती गुप्ता ने बताया कि पहले सिर्फ जिला स्तर पर हर साल पंजीकरण का नवीनीकरण होता था। अब होम्योपैथिक बोर्ड में हर पांच साल बाद सभी होम्योपैथिक में सेवा देने वाले चिकित्सकों को पंजीकरण का नवीनीकरण कराना होगा।नए नियमों के अनुसार पंजीकरण का नवीनीकरण नहीं कराने वाले चिकित्सकों को प्रैक्टिस की अनुमति नहीं मिलेगी। बिना पंजीकरण प्रैक्टिस करने वाले चिकित्सकों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि चिकित्सकों की जानकारी को अद्यतन करने के लिए यह नियम बताया बया है। नवीनीकरण की प्रक्रिया को ऑनलाइन भी किया जा सकेगा।अनिवार्य है एचपीआर आईडी सभी होम्योपैथिक चिकित्सकों को अपनी हेल्थकेयर प्रोफेशनल रजिस्ट्री भी करानी होगी। इस आईडी का ब्योरा भी जिला होम्योपैथिक कार्यालय में रखा जाएगा। इसके माध्यम से हर चिकित्सक का डाटा अलग किया जाएगा। सरकारी तथा प्राइवेट दोनों जगह ही दवा देने वाले चिकित्सकों को यह आईडी बनानी होगी।

# Bijnor News: स्वीमिंग पूलों में तैराकी कर रहे लोग, डूब रहे नियम



**संवाददाता।** बिजनौर। जिले में शहर से देहात तक जिम और स्वीमिंग पूल की संख्या बढ़ती जा रही है। एक तो इन स्वीमिंग पूल और जिम में सुरक्षा के पर्याप्त संसाधन नहीं है। दूसरे जिले में एक भी जिम खेल कार्यालय से पंजीकृत नहीं है। उधर सिर्फ एक स्वीमिंग पूल ही रजिस्ट्रर्ड तरीके से संचालित हो रहा है। जिला खेल कार्यालय में हर साल इनके नवीनीकरण का भी नियम है। लेकिन इस नियम का कोई पालन नहीं कर रहा। ऐसे स्वीमिंग पूलों में सुरक्षा के मानक भी पूरे नहीं होते हैं। जिस कारण हादसा भी हो सकता है। नए सत्र 2025–26 के लिए जिले भरसे सिर्फ एक पंजीकरण हुआ है। प्रशासन की ढिलाई के चलते शहर में ऐसे पूलों की संख्या हर साल बढ़ती जा रही है। एक भी जिम नहीं है पंजीकृत – डीएसओ जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार ने बताया कि जिले के किसी भी जिम संचालक ने जिला खेल कार्यालय में पंजीकरण नहींकराया है। स्वीमिंग पूल व जिम के लिए 15000 रुपये प्रतिवर्ष का शुल्क निर्धारित है। पिछले साल पूल के भी कुछ ही पंजीकरण हुए थे, जबकि जिम के पंजीकरण की संख्या शून्य है। जो संचालक पंजीकरण नही कराएंगे, उनको अवैध मानते हुए कार्रवाई की जाएगी। नोडल अधिकारी ने बंदकराए थे स्वीमिंग पूल नेहरू स्टेडियम के कनिष्ठ सहायक हिमांशू ने बताया कि स्वीमिंग पूल की जांच के लिए गत वर्ष नोडल अधिकारी नियुक्त किये गए थे। बिना पंजीकरण चल रहे पूल को बंद कराया गया था। बाद में कुछ संचालकों ने पंजीकरण कराकर अपने स्वीमिंग पूल चला लिए थे व कुछ बंद ही रहे थे। इस साल का अभी कोई पंजीकरण नहीं हुआ है।

# Bijnor News: युवक ने फंदे से लटककर जान दी



**संवाददाता।** बढ़ापुर। गांव इनायतपुर निवासी अंकित कुमार (20) पुत्र धर्मपाल सिंह ने फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। शनिवार दोपहर अंकित घर की ऊपरी मंजिल पर बने कमरे में पंखे के कुंदे में रस्सी के फंदे से लटका मिला। बड़े भाई अंकुश ने पीआरवी पुलिस को सूचना दी। सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी और थाना प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। अंकित अविवाहित था और मजदूरी करता था। उसके माता–पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। वह अपने बड़े भाई अंकुश के साथ रहता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# Bijnor News: सड़क हादसों में बाइक सवार दो युवकों की मौत



**संवाददाता** नहटौर। सोमवार रात नगीना रोड और नूरपुर रोड पर हुए अलग–अलग हादसों में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। बैरमाबाद गढ़ी निवासी सुहैल (28) पुत्र शमीम सोमवार को नगीना क्षेत्र के गांव ज्ञानपुर में अपनी रिश्तेदारी में गया था। रात में वहां से लौट रहा था। नगीना रोड पर गांव बल्ला शेरपुर के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। परिवार में ईद की खुशियां मातम में तब्दील हो गईं। परिजनों के कानूनी कार्रवाई से मना करने पर पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक अविवाहित था तथा दिल्ली में रहकर ड्राइविंग करता था। हाल ही में वह ईद मनाने के लिए घर आया था। उधर, सोमवार की रात करीब 11 बजे नूरपुर रोड पर गांव समसपुर के पास बाइक व कार की भिड़ंत में बाइक सवार की मौत हो गई। सोशल मीडिया के माध्यम से पता लगने पर परिजन मोर्चरी पहुंचे तथा मृतक की पहचान जितेंद्र शर्मा (24) पुत्र सुरेंद्र शर्मा निवासी ग्राम शादीपुर थाना नहटौर के रूप में की। परिजनों के अनुसार जितेंद्र नजदीक के गांव मंडोरी में जागरण में शामिल होने गया था। वहां से लौटते समय हादसे का शिकार हो गया। वह अविवाहित था तथा तीन भाई बहनों में सबसे छोटा था। पुलिस ने तहरीर मिलने पर कार्रवाई करने की बात कही है।

## Bijnor News: न मान्यता मिली, न इंतजाम अच्छा, आठवीं तक स्कूल 12वीं तक कक्षा

संवाददाता। अफजलगढ़। तालीमी इदारों (शिक्षण संस्थाओं) में चल रही अंधेरगर्दी जांच में सामने आ रही है। बिना मान्यता के हाईस्कूल और इंटर की कक्षाएं चलाई जा रही हैं। बुधवार को दूसरे दिन भी यह खेल खूब उजागर हुआ। डीएम की ओर से गठित टीम ने पांच स्कूलों की जांच की तो बिना मान्यता के दसवीं, 12वीं तक की कक्षाएं चलती मिलीं। छोटे से भवन में गंदगी के बीच विद्यालय का संचालन होता मिला।टीम में शामिल राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या संतोष सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी कासमपुर गढ़ी प्रेम सिंह राणा ने पांच स्कूलों का निरीक्षण किया। मॉडर्न पब्लिक स्कूल सुआवाला में बिना मान्यता नवीं और दसवीं की कक्षाएं चलती मिलीं। कक्षा नौ में 14 और कक्षा 10 में 26 विद्यार्थी मिले। मिश्रो देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अभयराजपुर में दसवीं तक की मान्यता के बावजूद 11 व 12वीं की कक्षाएं चल रहीं थीं। यहां कक्षा पांच तक की मान्यता का प्रपत्र भी उपलब्ध नहीं कराया गया। 11वीं में 34, 12वीं में 52 छात्र–छात्राएं अध्ययनरत मिले। विद्यालय में संचालित वाहन जर्जर मिले।जीएसएस स्कूल शेरगढ़ में भी कक्षा आठ की मान्यता होने के बावजूद कक्षा नौ व दस अमान्य रूप से संचालित मिलीं। पीएम गर्ल्स इंटर कॉलेज महावतपुर में विद्यालय स्तर से पुस्तके देने का मामला प्रकाश में आया है। इसके अतिरिक्त बाल आदर्श शिक्षा शिशु मंदिर दुलीचंदपुर का विद्यालय छोटे से भवन में संचालित पाया गया। वहां अत्यधिक गंदगी मिली। इस विद्यालय में कक्षा छह से आठ तक की कक्षाएं बिना मान्यता चलती मिलीं। अमान्य कक्षाओं को बंद कराया गया। सभी विद्यालय के प्रधानाचार्यों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। –तीन दिन में 15 से ज्यादा आए पकड़ में बिजनौर। सभी ब्लॉक क्षेत्रों में शिक्षण संस्थाओं की जांच के लिए टीमें गठित की गईं हैं। बीते तीन दिनों में 15 से ज्यादा शिक्षण संस्थाओं में बिना मान्यता के कक्षाएं चलती मिलीं। डीआईओएस जयकरण यादव ने बताया कि अमान्य कक्षाओं को बंद करने के नोटिस जारी किए गए हैं। कक्षाएं बंद नहीं करने पर कार्रवाई की जाएगी। जांच अभियान जारी रहेगा।

## Bijnor News: वन क्षेत्राधिकारियों के हुए स्थानांतरण




संवाददाता। कालागढ़ । वन विभाग ने पांच वन क्षेत्राधिकारी स्थानांतरित किए हैं। प्रमुख वन संरक्षक डॉ. धनंजय मोहन के कार्यालय से जारी आदेशों के तहत अनुराग जोशी को देहरादून के राजाजी टाइगर रिजर्व से लैंसडोन वन प्रभाग, मनीष कुमार को कार्बेट टाइगर रिजर्व की कालागढ़ रेंज से पुरोला के गोविंद राष्ट्रीयपार्क, सोनल पनेरू को नैनीताल वन प्रभाग से देहरादून वन प्रभाग, गोविंद सिंह चौहान को चंपावत वन प्रभाग से मसूरी वन प्रभाग, सेवाराम मौर्य को पुरोला के गोविंद राष्ट्रीय पार्क से रामनगर के तराई पश्चिम वन प्रभाग रामनगर भेजा गया है। कार्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. साकेत बड़ोला के अनुसार कालागढ़ रेंज के लिए वनक्षेत्राधिकारी नहीं भेजा है।

## Bijnor News: खो नदी में अवैध खनन करते 37 लोग गिरफ्तार



संवाददाता। नगीना। महीनों से चल रहे अवैध खनन के खेल का सोमवार की देर रात भंडाफोड़ हो गया है। चार थानों की पुलिस और प्रशासन की टीम ने खो नदी में छापामारी करते हुए खनन करने वाले 37 लोगों को पकड़ लिया। मुख्य खनन माफिया भाग निकला। एसडीएम आशुतोष जायसवाल और पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नगीना देहात क्षेत्र के ग्राम अब्दुलपुर फजलपुर पहाड़ा में सोमवार रात 12:30 बजे छापा मारा। कार्रवाई मंगलवार की सुबह चार बजे तक चली। कार्रवाई के दौरान टीम को मौके पर खनन होते हुए मिला। पुलिस ने मौके से 33 ट्रैक्टर ट्रॉलीव 37 लोगों को पकड़ लिया।मौके से काफी संख्या में खनन करने वाले और माफिया ट्रैक्टर–ट्रॉलीलेकर भाग भी निकले। पकडे गए सभी लोगों को एसडीएम की कोर्ट से जमानत दे दी गई। एसडीएम आशुतोष जायसवाल का कहना है कि नियमानुसार खनन कार्य सूर्यास्त के बाद नहीं होता है। रात तक खनन कार्य होने की शिकायत के चलते ही टीम मौके पर गई थी। उनका कहना है कि खनन अवैध क्षेत्र में हो रहा था या वैध क्षेत्र में हो रहा था। इसका पता खनन अधिकारी की रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा।

## BIJNOR NEWS : कई राज्यों में बदलेगा मौसम; मुंबई में म्क ऑफिस बिल्डिंग में आग; कुपवाड़ा में हथियार बरामद; सुर्खियां

संवाददाता। देश के मौसम में असमान उतार–चढ़ाव बना हुआ है। उत्तर पश्चिम और इसके निकटवर्ती मध्य भारत के मैदानी इलाकों के 10 राज्यों में जहां भीषण गर्मी और लू का सितम बना हुआ है, वहीं पूर्वोत्तर, पूर्वी और उसके आसपास के मध्य भारत के क्षेत्रों में आंधी–तूफान, ओलावृष्टि और बारिश का कहर जारी है। वहीं दक्षिण मुंबई में ईडी कार्यालय की इमारत में भीषण आग लग गई। 72 घंटे बीतने के बाद भी पाकिस्तानी रेंजर्स ने बीएसएफ के जवान पीके साहू को रिहा नहीं किया। तीसरे दिन भी बीएसएफ के अधिकारी फ्लैग मीटिंग के लिए पाकिस्तानी रेंजर्स का इंतजार कर रहे थे लेकिन वे फ्लैग मीटिंग करने के लिए नहीं पहुंचे। पहलगाम में हुई आतंकी घटना के बाद विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए शॉर्ट टर्म वीजा वापस ले लिए हैं। इसके साथ ही इंटेलिजेंस ब्यूरो और एलआईयू ने शहर में मौजूद पाकिस्तान नागरिकों का रिकॉर्ड खंगालना शुरू कर दिया है।अमर उजाला के इस लिंक पर पढ़ें देश–दुनिया, शिक्षा, मनोरंजन, व्यापार, राजनीति से जुड़ी अहम खबरें.देश के मौसम में असमान उतार–चढ़ाव बना हुआ है। उत्तर पश्चिम और इसके निकटवर्ती मध्य भारत के मैदानी इलाकों के 10 राज्यों में जहां भीषण गर्मी और लू का सितम बना हुआ है, वहीं पूर्वोत्तर, पूर्वी और उसके आसपास के मध्य भारत के क्षेत्रों में आंधी–तूफान, ओलावृष्टि और बारिश का कहर जारी है।

# bijnor News : न नल : न जल 'जलयुक्त' से 'जल जीवन' तक



**संवाददाता।** अब तक मोदी सरकार द्वारा घोषित हर योजना 'नाम बड़े और दर्शन खोटे' वाली ही निकली है। प्रधानमंत्री मोदी योजना की घोषणा करते समय वादे खूब करते हैं। वे दिखावा करते हैं कि देश में क्रांति हो जाएगी। जनता के सामने तस्वीर भी इसी तरह तैयार की जाती है; लेकिन हकीकत में वह योजना आम लोगों के लिए 'आंख से अंधा नाम नयनसुख' साबित होती है। मोदी सरकार की हर योजना का यही हाल है। ऐसी 'असफल' योजनाओं में अब एक और योजना जुड़ गई है। इस योजना का नाम 'जल जीवन मिशन' है और इस मिशन के ढोल की पोल महाराष्ट्र के एक मंत्री महोदय ने ही खोल दी है। राज्य के खाद्य एवं औषधि प्रशासन मंत्री नरहरि झिरवाल ने मोदी सरकार के 'ड्रीम प्रोजेक्ट' की कलई खोलते हुए कहा है कि 'जल जीवन योजना इस समय पूरी तरह से विफल हो गई है और इसके कारण मौजूदा जल संकट के दौरान ग्रामीण लोगों और आदिवासियों को पानी के लिए भटकना पडे रहा है।' १५ अगस्त २०१६ को प्रधानमंत्री मोदी ने 'जल जीवन मिशन' योजना की घोषणा की थी। इस योजना का उद्देश्य देश के ग्रामीण इलाकों में हर घर को पीने का पानी उपलब्ध कराना था। जब इस योजना की घोषणा की गई थी तब देश के ग्रामीण इलाकों में केवल ३.२३ करोड़ घरों में ही नल द्वारा जल आपूर्ति की जा रही थी। जल जीवन मिशन के माध्यम से यह घोषणा की गई थी कि २०२४ तक लगभग १६ करोड़ और घरों में नल से जल उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए 'हर घर नल, हर घर जल' जैसे आकर्षक नारे भी बनाए गए, लेकिन आज इस योजना की क्या स्थिति है सैकड़ों–हजारों करोड़ रुपए खर्च होने के बावजूद ग्रामीण लोगों और गरीब आदिवासियों को पानी की एक बूंद के लिए मीलों पैदल चलना पड़ता है। महाराष्ट्र में भी आज लाखों घरों को 'हर घर नल, हर घर जल' का इंतजार करना पड़ रहा है। उस पर पानी की कमी गहराती जा रही है। पिछले साल औसत की १०७ फीसदी बारिश होने के बावजूद राज्य के बांधों में सिर्फ ४१ फीसदी पानी का भंडारण बचा है। ग्रामीण इलाके पानी की कमी से जूझ रहे हैं और शहरी नागरिकों के नलों में दस–बारह दिन बाद 'जल' आ रहा है। ऐसे गांवों की संख्या दिन–ब–दिन बढ़ती जा रही है, जहां पर टैंकरों से पानी पहुंचाया जा रहा है। कहां गया मोदी सरकार का 'जल जीवन मिशन' और 'हर घर नल, हर घर जल'? विदर्भ से लेकर मराठवाड़ा और खानदेश–कोकण से लेकर पश्चिम महाराष्ट्र तक हर जगह इस योजना के ढोल फूटे हुए हैं। नंदूरबार जिले में इस योजना के तहत २ हजार ६०० कार्यों को स्वीकृति दी गई थी, लेकिन फंड ही न होने की वजह से २,१०० कार्य आज भी अधूरे हैं। नासिक, जलगांव से लेकर मराठवाड़ा–पश्चिम महाराष्ट्र तक यही स्थिति है। यह बात अलग है कि 'जल जीवन मिशन' के काम में भ्रष्टाचार के आरोप सत्ताधारी दलों की ओर से ही लगे हैं। वर्धा जिले में भाजपा विधायकों ने ऐसे आरोप लगाए थे, जबकि भिवंडी–शाहपुर इलाके में कामों को लेकर खुद भाजपा नेता ने आरोप लगाए थे। अब राज्य के एक मंत्री झिरवाल के यह स्वीकारने से कि यह योजना 'पूरी तरह विफल' है, ने मोदी सरकार की 'असफल' योजनाओं की सूची को और बढ़ा दिया है। एक तरफ राज्य के मुख्यमंत्री फडणवीस जल संरक्षण की समीक्षा करते हुए प्रशासन को 'सिर से पैर तक' के सिद्धांत पर काम करने का निर्देश दे रहे हैं और वहीं उनके एक मंत्री स्वीकार कर रहे हैं कि जल जीवन मिशन कैसे पूरी तरह विफल रहा है। कई परियोजनाएं तकनीकी कारणों और धन की कमी के कारण रुकी हुई हैं। अनेक स्थानों पर जलस्रोत सूख गए। मोदी ने 'हर घर नल, हर घर जल' की जो शेखी बघारी थी, वह हवा में उड़ गई है। 'न नल न जल' राज्य के ग्रामीण–आदिवासी हिस्से की स्थिति ऐसी बन गई है। गर्मियों में पानी की एक बूंद के लिए वहां के लोगों का जान जोखिम में डालनेवाला संघर्ष भी जारी है। 'जलयुक्त शिवार' से 'जल जीवन मिशन' राज्य में पानी की कमी की यात्रा है। अगर 'फेल' जलयुक्त शिवार के कर्ता–धर्ता ही जल जीवन मिशन चला रहे हैं तो और क्या होगा?

# Bijnor News: एसडीएम की कार्य प्रणाली को लेकर एडीएम से मिले अधिवक्ता

**संवाददाता।** बिजनौर नजीबाबाद।बार एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम की कार्य प्रणाली को लेकर एडीएम को डीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने न्यायिक प्रक्रिया निष्पक्ष न होने का आरोप लगाया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सर्वेश कुमार गहलौत, महासचिव कामेंद्र चौधरी के नेतृत्व में बार एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को एडीएम वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार से मुलाकात की। अधिवक्ताओं ने एसडीएम की न्यायिक कार्यशैली ठीक न होने, असामान्य व्यवहार करने के कारण न्यायिक प्रक्रिया बाधित होने का आरोप लगाया। अधिवक्ताओं ने धारा 80 और राजस्व संहिता 2006 के आदेश पारित करने की एसडीएम कार्यालय की कार्य प्रणाली पर आपत्ति जताई। बार एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक तोमर, नौबाहर सिंह, शहीर परवाज, सुभाष चंद्र, मोहम्मद फैसल शामिल रहे। एसडीएम विजय शंकर ने कहा कि दो अधिवक्ताओं के बीच जमीन संबंधी विवाद चल रहा है, उसमें और कुछ अधिवक्ता निजी स्वार्थ के कार्यों को लेकर भ्रामक आरोप लगा रहे हैं।

## Bijnor News: आतंकवाद के विरोध में आज बंद रहेगा बिजनौर शहर




**संवाददाता।** बिजनौर। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने हमला करते हुए पर्यटकों को मार डाला। जिसके विरोध में आज मंगलवार को बंद का आह्वान किया गया है। निजी स्कूलों ने भी बंद का समर्थन किया है और एक दिन का अवकाश रहेगा। व्यापारियों और अन्य संगठनों ने भी बंद को सफल बनाने की अपील की। बिजनौर। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने हमला करतहुए पर्यटकों को मार डाला। जिसके विरोध में आज मंगलवार को बंद का आह्वान किया गया है। निजी स्कूलों ने भी बंद का समर्थन किया है और एक दिन का अवकाश रहेगा। व्यापारियों और अन्य संगठनों ने भी बंद को सफल बनाने की अपील की। जिस पर उन्होंने बंद के समर्थन का भरोसा दिया। बाइक रैली को लेकर बिजनौर शहर में पुलिस बल भी तैनात रहा। बिजनौर बंद के साथ साथमंगलवार को 11 बजे लोगों की भीड़ रामलीला ग्राउंड में एकत्र होगी जोकि पैदल मार्च करते हुए कलक्ट्रेट पहुंचेगी और ज्ञापन देगी।द पाकिस्तान के झंडों को सड़क पर चिपकाकर पैरों से रौंदा : स्योहारा। कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 26 पर्यटकों की निर्मम हत्या के बाद से पूरे हिन्दुस्तान में आतंकवाद व पाकिस्तान के विरुद्ध जुलूस निकाल कर आक्रोश जाहिर किया जा रहा है मगर सोमवार को स्योहारा में शिवाजी मार्केट स्थित शिव मंदिर तिराहे पर युवकों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद लिखे पाकिस्तान के कई झंडे सड़क के बीच में चिपका दिये। सुबह से शाम तक हजारों की संख्या में हिन्दू मुस्लिम सहित सभी धर्मों के लोगों ने पाकिस्तान के झंडे को कुचल कर अपना गुस्सा जाहिर किया।

## Bijnor News: छोटा भाई हुआ लापता, सदमे में बड़े की चली गई जान

**संवाददाता।** शेरकोट। घर से दिल्ली जाने के लिए निकला शेरकोट का युवक रास्ते में कहीं लापता हो गया, ढूंढने पर भी नहीं मिला तो बड़े भाई को गहरा सदमा लगा और उसने दम तोड़ दिया। मोहल्ला खुराड़ा के रहने वाले शाहनबाज अंसारी ने बताया कि उनका भाई नासिर एक कंपनी में टैक्सी ड्राइवर है। नासिर 22 अप्रैल को घर से दिल्ली के लिए निकला। लेकिन रास्ते में ही लापता हो गया। परिवार वालों ने लापता नासिर की हर संभव सभी स्थानों पर तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं लग पाया। नहीं मिलने पर नासिर की गुमशुदगी भी दर्ज कराई। नासिर के लापता होने की खबर जब दिल्ली में रह रहे बड़े भाई उस्मान अंसारी (50) को मिली तो वह अपनी सुधबुध खो बैठे और तबीयत बिगड़ गई। अस्पताल ले जाया गया। जहां उनकी मौत हो गई। डाक्टरों ने बताया कि हार्ट अटैक आया है।

## Bijnor News: गर्डर टूट कर गिरा, क्रेन हुई क्षतिग्रस्त



**संवाददाता।** कोतवाली देहात (बिजनौर)। कस्बे में बन रहे ओवर ब्रिज का गर्डर टूटकर गिर गया। इस दौरान बड़ा हादसा होने से टल गया है। गर्डर से क्रेन क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर भारी भीड़ जमा है। घटना में कोई घायल नहीं हुआ है कोतवाली देहात में 720 मीटर लंबा ओवर ब्रिज का निर्माण पिछले ढाई साल से बन रहा है। मंगलवार देर शाम ओवर ब्रिज पर गर्डर रखने का काम हो रहा था। क्रेन द्वारा लगभग 20 फीट लंबाई का गर्डर ओवर ब्रिज के नीचे रखा जा रहा था। अचानक वह बीच से टूट गया और टूट कर क्रेन पर गिर गया। इस दौरान ओवर ब्रिज पर मजदूर भी काम कर रहे थे। गर्डर टूटने के बाद क्रेन चालक तथा काम कर रहे मजदूर वहां से भाग गए। इस दौरान काफी संख्या में भीड़ एकत्र हो गई। ग्रामीणों ने कार्यदाई संस्था पर मानक के अनुरूप निर्माण सामग्री न लगाने का आरोप लगाया है। कोतवाली देहात के निवासी युवा राष्ट्रीय लोक दल के जिला अध्यक्ष इमरान कुरैशी ने बताया कि कुछ समय पूर्व भी एक गार्डर चटक गया था।

## Bijnor News: पारा 33 पार, नौ गांव के लोगों को पानी की दरकार

**संवाददाता** नांगलसोती नजीबाबाद। जिले का औसतन तापमान 34 डिग्री पहुंच रहा है। नांगलसोती में जल निगम के दो नलकूप और एक ओवरहेड टैंक है। यह खराब होने से नौ गांवों के करीब 1300 परिवार पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। इन गांवों में सुबह से ही ग्रामीण पानी लेने के लिए इंडिया मार्का हैंडपंपों पर लाइन लगा लेते हैं। नलकूप और ओवरहेड टैंक से नौ गांवो के लोगों को पेयजल की आपूर्ति होती है। इनमें एक नलकूप की मोटर पिछले छह दिनों से खराब है। दूसरा नलकूप तकनीकी खराबी के चलते कम मात्रा में पानी दे रहा है। नलकूप से ओवरहेड टैंक तक पानी नहीं पहुंच पाता है। न ही ग्रामीणों को पानी की आपूर्ति हो रही है। भीषण गर्मी में पानी की मांग बढ़ रही है। मजबूरन ग्रामीण आबादी में खड़े इंडिया मार्का हैंडपंपों का सहारा ले रहे हैं। वहां भी ग्रामीणों की लाइन लग रही है। इन गांवों में नहीं हो रही पेयजल आपूर्ति : मोटर फुंकने से गांव नांगलसोती, शहजादपुर, जीतपुर, खानपुर, सैदपुरी, अभीपूरा, सराय आलम, असलमपुर जोझा, जालपुर में पेयजल की आपूर्ति बंद है।

# Bijnor News: आंधी की मार... अभी 100 से अधिक निजी, सरकारी नलकूपों पर बिजली नहीं

**संवाददाता।** बिजनौर। जिले अप्रैल के दूसरे सप्ताह में आंधी व बारिश से बिजली क्षेत्र में तबाही मचाई थी। तेज आंधी से जिलेभर में 3305 बिजली खंभे क्षतिग्रस्त हुए थे। आंधी से 70 किमी लंबे बिजली के तार आंधी से नष्ट हुए थे। इस क्षेत्र में 440 वोल्टेज से लेकर 33 हजार केवी की लाइन टूट गई थी। आंधी आए करीब 12 दिन बाद भी बिजली व्यवस्था पूरी तरह सुचारू नहीं हुई। नूरपुर, चांदपुर, धामपुर स्योहारा क्षेत्र में अभी भी 100 से ज्यादा निजी एवं सरकारी नलकूपों की लाइन सही नहीं हुई। इस कारण 18 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल सिंचाई से वंचित है। किसान नलकूपों के खंभे व लाइन सही कराने के लिए ऊर्जा निगम के चक्कर लगा रहे हैं। खंभे नहीं मिल पा रहे जनपद सेआंधी, बारिश से चांदपुर, नूरपुर, हुई थी। किसानों का कहना है कि 440 केवी लाइन अभी क्षतिग्रस्त है। खंभे नहीं मिलने से लाइन सही होने में देरी हो रही है। चांदपुर, नूरपुर क्षेत्र इतना हुआ था नुकसान –चांदपुर डिविजन – कुल 33 केवी फीडर– 10 फीडर हुए सुचारू – एक फीडर की बिजली आपूर्ति बंद –चांदपुर डिविजन – 11 केवी कुल 64 फीडर – 30 फीडर सुचारू– 30 फीडर बंद नूरपुर डिविजन – 33 केवी के कुल 13 फीडर, 12 फीडर की सुचारू, एक फीडर अभी बंद नुरपुर डिविजन – 11 केवी के कुल 68 फीडर26 फीडर सुचारू हुए – 42फीडर की बिजली बंद –धामपुर क्षेत्रफीडर की बिजली बंद धामपुर क्षेत्रफीडर की बिजली बंद धामपुर क्षेत्र में 14 नलकूप बिजली नहीं आने से बंद, किसान परेशान धामपुर। क्षेत्र में 214 सरकारी नलकूप है। इनमें 12 से अधिक नलकूप विद्युत आपूर्ति एवं विद्युत यांत्रिक कमी के कारण खराब पड़े हैं। नलकूप नहीं चलने से भीषण गर्मी फसलों की सिंचाई न होने से किसान परेशान है। इन नलकूपों से करीब पांच हजार बीघा से ज्यादा जमीन सिंचाई के अभाव में सूखने के कगार पर है। भाकियू अराजनैतिक जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत राणा का कहना है कि इन दिनों फसलों को सिंचाई की आवश्यकता है। सरकारी नलकूप पिछले काफी समय से ठप हैं। किसान गजेंद्र सिंह ने कहा कि किसानों की निरंतर अनदेखी की जा रही है। यहां पर करीब 12 से ज्यादा नलकूप ठप है। पांच हजार बीघा से ज्यादा कृषि क्षेत्रफल की फसलें सिंचाई के अभाव में सूख रही हैं। सब डिवीजन के सहायक अभियंता जितेंद्र कुमार ने बताया कि किसानों के लगाए गए आरोप गलत हैं। जो नलकूप बंद है, उन्हें सही कराए जा रहे हैं। पिछले दिनों आंधी तूफान के कारण बिजली की लाइन टूट से समस्या आई है। चांदपुर, नूरपुर आदि क्षेत्र में अधिकांश गांवों में बिजली आपूर्ति सुचारू कर दी है। कुछ फीडर नलकूपों के कहींबाधित है। एक दो दिन में वह भी सही कराकर आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

# Bijnor News: रिश्ते के भांजे ने दोस्त के साथ मिलकर की थी फारुख की हत्या

**संवाददाता।** बिजनौर किरतपुर। सऊदी से वापसी और घर पर रहकर कामकाज करना रिश्ते के भांजे को नहीं भाया। आरोपी ने दोस्त का सहारा लेकर मामा फारुख के कत्ल की पटकथा लिख डाली। असरगरपुर के जंगल में मिले शव की शिनाख्त के बाद पुलिस की प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है। दो आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज हो चुकी है। फिलहाल पुलिस मृतक की पत्नी से पूछताछ में जुटी है। सोमवार की देर शाम असगरपुर गांव के जंगल में मालन नदी तटबंध पर बाइक पर सवार होकर पहुंचे। जिसमें दो युवकों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर थी और भाग



निकले। मृतक की शिनाख्त फारुख (35) पुत्र हसीनुद्दीन निवासी मोहल्ला ढोलकियान के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पत्नी के संबंध रिश्ते के भांजे मेहरबान से हो गए थे। इसी के चलते इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया। मृतक के भाई ने दर्ज कराई रिपोर्ट : मृतक की शिनाख्त करने के बाद उसके भाई नईम पुत्र हसीनुद्दीन निवासी मोहल्ला ढोलकियान किरतपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें मेहरबान पुत्र अहसान और उमर पुत्र जुल्फकार को नामजद कराया है। आरोपी किरतपुर के मोहल्ला अफगानान के रहने वाले हैं। पांच दिन पहले खरीदा तमंचा : पुलिस की शुरुआती जांच में साफ हुआ कि हत्या को अंजाम देने के लिए पास के ही गांव से पांच दिन पहले तमंचा खरीदा था।सीसीटीवी फुटेज से सुलझी हत्या की गांठ : सोमवार की शाम फारुख का गोली लगा शव असगरपुर के जंगल में मालन नदी के तटबंध के पास पड़ा मिला था। हत्यारे सिल्वर रंग की बाइक से भाग निकले थे। पुलिस ने पास के गांव में लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाली तो दोनों आरोपी बाइक से जाते नजर आए। फुटेज लोगों को दिखाई गई तो एक ग्रामीण ने पहचान लिया कि एक आरोपी जिम में जाता है।

# Bijnor News: खंभे से बाइक टकराई, युवक की मौत

**संवाददाता।** नहटौर। मोबाइल फोन की बैटरी लेने जा रहे दो दोस्तों की बाइक भूसे की बुग्गी से बचने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंभे से टकरा गई। दुर्घटना में एक युवक मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत नाजुक है। ग्राम पंचायत ताहरपुर सैद के राजस्व गांव लतीफपुर निवासी विकास कुमार (21) पुत्र विजयपाल सिंह सोमवार को धामपुर क्षेत्र के गांव करनावाला में अपनी बुआ के यहां तिलकोत्सव में शामिल होने गया था। साथ में उसका दोस्त नजीबाबाद क्षेत्र के गांव जटपुरा बौंडा निवासी देवराज (23) पुत्र सुरेश कुमार भी था। उनके फोन की बैटरी ने काम करना बंद कर दिया। देर शाम दोनों मोबाइल की बैटरी लेने गांव मंझेड़ा जा रहे थे। नगीना–कोटरा रोड पर भूसे की बुग्गी से बचाने के चक्कर में उनकी बाइक सड़क किनारे खंभे से टकरा गई। दुर्घटना में बाइक चला रहा देवराज व पीछे बैठा विकास दोनों घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया। सीएचसी से दोनों को हायर सेंटर रेफर किया। परिजन उसे नहटौर के निजी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक शशीकांत सिंह द्वारा अमित ऑफसेट प्रिंटर्स, अम्बेडकर कॉलोनी, नगीना से मुद्रित कराकर, मो० लाल सराय, नगीना (बिजनौर) से प्रकाशित किया।
सम्पादक
शशीकांत सिंह
मो० 08923127999
E-mail-sksingh999s@gmail.com
समाचार पत्र में प्रकाशित खबरों से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है।
नोटः– सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र केवल नगीना न्यायालय ही होगा।